# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, देवरिया

पत्रांक C-1250 /जि0का0का0/2024–25 दिनांक 10.10.2024

## विज्ञप्ति

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1– 2022–2/1(22)10 टी.सी. दिनांक 31.03.2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद देवरिया के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मानदेय पर आधारित हेतु केवल महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत है–

| क0 सं0 | बाल विकास परियोजना का नाम | आ0बा0 कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ई0डब्लु0 एस0 | पिछड़ी जाति | अनुसूचित जाति | कुल आ0बा0 कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बैतालपुर | 11 | 4 | 12 | 6 | 33 |
| 2 | बनकटा | 4 | 0 | 0 | 3 | 7 |
| 3 | बरहज | 18 | 3 | 8 | 3 | 32 |
| 4 | भागलपुर | 5 | 1 | 2 | 0 | 8 |
| 5 | भलुअनी | 4 | 1 | 0 | 6 | 11 |
| 6 | भटनी | 3 | 0 | 2 | 1 | 6 |
| 7 | भाटपाररानी | 0 | 1 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | शहर | 1 | 5 | 7 | 2 | 15 |
| 9 | देवरिया सदर | 4 | 1 | 2 | 0 | 7 |
| 10 | देसही देवरिया | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 11 | गौरी बाजार | 9 | 1 | 5 | 2 | 17 |
| 12 | लार | 2 | 1 | 3 | 2 | 8 |
| 13 | पथरदेवा | 2 | 1 | 0 | 1 | 4 |
| 14 | रामपुर कारखाना | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 15 | रूद्रपुर | 18 | 4 | 9 | 7 | 38 |
| 16 | सलेमपुर | 26 | 4 | 10 | 5 | 45 |
| 17 | तरकुलवा | 3 | 1 | 4 | 1 | 9 |
| योग :– | | 115 | 28 | 70 | 41 | 254 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला कार्यक्रम कार्यालय, तहसील, नगर पालिका/नगर पंचायत विकास खण्ड, एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है साथ ही आंगनवाड़ी भर्ती पोर्टल upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आवेदक यदि चाहें तो रिक्ति सम्बन्धी जानकारी हेतु कार्यदिवस के दिन सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1 – विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।

2 – चयन की समस्त कार्यवाही बाल विकास विभाग एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 के शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10 टी.सी. दिनांक 21.03.2023 में वर्णित प्रक्रिया के अधीन होगी। उपरोक्त शासनादेश को उ0प्र0 शासनादेश की अधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

3 – आंगनबाड़ी कार्यकत्री की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष निर्धारित है।

4 – आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद के लिये न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित है। आयु की गणना 01 जुलाई, 2024 से की जायेगी। अभ्यर्थी के जन्मतिथि के संबंध में हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

5 – रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर आवेदन हेतु उसी ग्राम सभा तथा शहरी क्षेत्र हेतु उसी वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है।

6 – ग्रामसभा में किसी भी श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित न्याय पंचायत में से श्रेणीवार चयन किया जायेगा।

7 – विधवा अभ्यर्थी हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।

8 – तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होगा।

9 – आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से छः माह के पूर्व का मान्य नही) आनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होगें जिनका आन लाईन सत्यापन सम्भव हो।

10 – निवास व जाति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में तहसील से आनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें, जिनका आनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

11 – आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाईन व सही–सही सावधानी पूर्वक भरे जायेगें। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ और पठनीय हो अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख आनलाईन फार्म में किया गया है।

12 – कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र आफलाईन या डाक द्वारा प्रेषित किये जाने पर मान्य नही होगें। यदि आवेदन में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूट रचित पाये जायेगें, तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

13 – विज्ञापित पदों हेतु पर आन लाईन आवेदन हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 09.11.2024 को मध्यरात्रि 12:00 बजे तक होगी।

14 – उपरोक्त पदों पर चयन प्रकिया पूर्णतया पोर्टल से आनलाईन माध्यम से शासनादेश में वर्णित दिशा निर्देशानुसार सम्पादित होगी। इसके लिये किसी भी प्रकार की लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार नही लिया जायेगा।

15 – रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है, जो वेबसाईट पर प्रदर्शित होगी।

**आवेदक द्वारा आन लाईन आवेदन करते समय निम्न तथ्यों का विशेष ध्यान दिया जाय –**

**1 – समस्त प्रकिया आन–लाईन पोर्टल upanganwadibharti.in से होनी है। कोई भी आवेदन किसी भी किसी भी स्तर पर हार्ड कॉपी में नही प्राप्त किया जाना है।**

**2 – आनलाईन आवेदन करते प्रमाण पत्रों कमांक व शैक्षिक अर्हताओं के सम्बन्घ में विशेष सावधानी बरती जाय। आवेदक द्वारा अपने आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र के आवेदन कमांक, पंजीकरण कमांक, निर्गत तिथि आदि का पोर्टल द्वारा ही आन लाईन सत्यापन किया जायेगा ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की गलत प्रविष्टि होने पर अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का होगा।**

**3 – आंगनबाड़ी कार्यकत्री की चयन की सम्पूर्ण प्रकिया विभागीय पोर्टल पर आनलाईन प्राप्त आवेदनों के आधार पर पोर्टल से ही होनी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी प्रकार के दलालों के प्रलोभन व लालच में न पड़ें व ऐसा करने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें।**

10.10.2024

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
देवरिया

पृष्ठांकन पत्र सख्या C-1250 /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1 :– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहांर, उ0प्र0 लखनऊ।
2 :– जिलाधिकारी महोदया, देवरिया।
3 :– मुख्य विकास अधिकरी महोदय, देवरिया।
4 :– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद–देवरिया को इस निर्देश के साथ कि अपने सम्बन्धित तहसील/ब्लाक/नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
5 :– समस्त मुख्य कार्यालयों के सूचनापट्ट पर चस्पा हेतु।
6 :– जिला सूचना अधिकारी, देवरिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार हेतु जनपद के एक स्थानीय व एक राज्य स्तरीय सर्वाधिक प्रसारित दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

10.10.2024

जिला कार्यक्रम अधिकारी
देवरिया